Nai Dunia (Indore), 24th July 2024, Nai Dunia City, Page-I

# आइआइटी इंदौर में अगले सत्र से शुरू होंगे नए यूजी-पीजी कोर्स




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में मंगलवार को नए पीजी छात्रों और पीएचडी शोधार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम रखा गया। संस्थान के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने विद्यार्थियों को संस्थान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आइआइटी इंदौर अगले सत्र से कुछ नए यूजी-पीजी कोर्स आफर करने जा रहा है। इन दिनों प्राध्यापकों की समिति सिलेबस डिजाइन कर रही है। सिलेबस अगले कुछ महीनों में पूरा होगा। ये कोर्स संस्थान को शिक्षा को सर्वांगीण बनाने में आगे रहेंगे। सभी कोर्स बाकी संस्थानों से बिलकुल अलग होंगे।

वे बताते हैं कि 15 एमटेक प्रोग्राम आफर कर रहे हैं, जिसमें से एम्स भोपाल के सहयोग से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और आरआरकैट के सहयोग से एप्लाइड आप्टिक्स एंड लेजर टेक्नोलाजी शामिल है। एनईपी के तहत व्यावसायिक तथा सामाजिक जुड़ाव वाले कोर्स भी शुरू होंगे। व्यावसायिक जुड़ाव वाले कोर्स की यह श्रृंखला छात्रों को विभिन्न आगामी तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करेगी, जो पारंपरिक विषयों के अलावा इन तकनीकों के बारे में विस्तारित बताया जाएगा। वहीं सामाजिक जुड़ाव वाले कोर्स की श्रृंखला यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे छात्रों को समाज या ग्रामीण समस्याओं पर काम करने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र अद्वितीय है और उसे आगे ज्ञान में सुधार व वृद्धि के लिए स्वयं के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्हें परिसर के अनुकूल अध्ययन परिवेश दिया है। कार्यक्रम में 2024-25 सत्र विभिन्न प्रोग्राम के लगभग 431 छात्रों ने प्रवेश लिया है, जिसमें 149 पीएचडी, 111 एमएससी, 138 एमटेक तथा 33 एमएस (रिसर्च) के छात्र शामिल हैं। छात्रों को शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विकास, छात्र कार्य, इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन, अंतरराष्ट्रीय आउटरीच, छात्रावास तथा चिकित्सा सुविधाएं, पुस्तकालय तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के बारे में भी जानकारी दी गई।